फा.सं.12/1/2018-प्रशासन भाग-1

भारत सरकार

संसदीय कार्य मंत्रालय

93, संसद भवन,
नई दिल्ली-110001

तारीख:15.03.2022

**<u>कार्यालय ज्ञापन</u>**

**विषय: संसदीय कार्य मंत्रालय के संबंध में फरवरी, 2022 माह के लिए मासिक सार।**

मुझे इसके साथ फ़रवरी, 2022 माह के लिए संसदीय कार्य मंत्रालय के मासिक सार की प्रति भेजने का निदेश हुआ है।

ह./-
(किरणकुमार)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 23034467

संलग्नक: यथोपरि

सेवा में

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य।
2. मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को भी प्रेषित:-

1. अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग, धोलपुर हाऊस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली।
2. भारत के राष्ट्रपति जी के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
3. भारत के उपराष्ट्रपति जी के सचिव, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली।
4. निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
5. भारत सरकार के सचिव।
6. संसदीय कार्य मंत्री के निजी सचिव/विशेष कार्याधिकारी।
7. संसदीय कार्यराज्य मंत्रियों के निजी सचिव।
8. सचिव/अपर सचिव के निजी सचिव।

**<u>भारत सरकार</u>**

**संसदीय कार्य मंत्रालय**

**विषय: फ़रवरी, 2022 माह के लिए संसदीय कार्य मंत्रालय का मासिक सार।**

**1.** माह के दौरान महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां

- **लोकसभा में पेश विधेयक**

  क॰ वित्त विधेयक, 2022

  ख॰ संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2022

- **राज्यसभा में पेश विधेयक**

  क॰ संविधान (अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2022

सत्रहवीं लोक सभा के 8वें सत्र और राज्य सभा के 256वें सत्र (बजट सत्र, 2022) का पहला भाग शुक्रवार 11 फरवरी, 2022 को मध्यावकाश के लिए स्थगित किया गया और सोमवार, 14 मार्च, 2022 को बैठकें पुन: शुरू होंगी।

- <u>संसद में आश्वासनों का कार्यान्वयन</u>

वर्ष 1956 से जनवरी, 2022 तक लोक सभा के संबंध में कुल 97054 आश्वासन और राज्य सभा के संबंध में कुल 57107 आश्वासन निकाले गए। इनमें से लोक सभा के संबंध में 607 आश्वासन और राज्यसभा के संबंध में 584 आश्वासन लंबित हैं।

फ़रवरी, 2022 मास के दौरान, 20 आश्वासन लोक सभा की कार्यवाहियों में से और 26 आश्वासन राज्यसभा की कार्यवाहियों में से निकाले गए।

फरवरी, 2022 माह के दौरान, 20 कार्यान्वयन रिपोर्टें लोक सभा के पटल पर रखी गईं और 49 (01 आंशिक} कार्यान्वयन रिपोर्ट राज्य सभा के पटल पर रखी गईं।

- <u>परामर्शदात्री समितियों का कार्यचालन</u>

संसद सदस्यों को सरकार के कार्यचालन की कुछ झलक प्राप्त करने का अवसर प्रदान करने के लिए भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों हेतु अनौपचारिक परामर्शदात्री समितियों का गठन पहली बार वर्ष 1954 में किया गया था। इन समितियों की प्रकृति केवल परामर्श देने की है। वर्तमान में विभिन्न मंत्रालयों के लिए 38 परामर्शदात्री समितियां कार्य कर रही हैं।

फरवरी, 2022 माह के दौरान:-

क॰ इस माह के दौरान परामर्शदात्री समितियों की 4 बैठकें आयोजित की गईं।

ख॰ इस महीने के दौरान एक संसद सदस्य का नाम उनके निधन के पश्चात परामर्शदात्री समिति से हटाया गया।

उपरोक्त से संबंधित विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है

- <u>लोक सभा में नियम 377 के अंतर्गत और राज्य सभा में विशेष उल्लेख के माध्यम से उठाए गए मामलों पर अनुवर्ती कार्रवाई</u>

फ़रवरी, 2022 के अंत तक संसद के दोनों सदनों में उठाए गए विभिन्न मामलों और दिए गए उत्तरों की स्थिति:

| | लोक सभा में नियम 377 के अंतर्गत उठाए गए मामले | राज्य सभा में विशेष उल्लेख के माध्यम से उठाए गए मामले |
|---|---|---|
| 1 फ़रवरी को लंबित मामले | 326 | 184 |
| फ़रवरी 2022 माह के दौरान उठाए गए मामले | 175 | 50 |
| फ़रवरी के दौरान प्राप्त उत्तर | 98 | 27 |
| शेष मामले | 403 | 207 |

- <u>युवा संसद योजनाओं के माध्यम से युवाओं को प्रोत्साहित करना</u>

फ़रवरी, 2022 मास के दौरान राष्ट्रीय युवा संसद स्कीमों में प्रतिभागिता हेतु 20 विद्यालयों के पंजीकरणों की समीक्षा की गई और इनमें से 4 विद्यालयों के पंजीकरणों को अनुमोदित किया गया। शेष 16 विद्यालयों से पंजीकरण के लिए अतिरिक्त सूचना मांगी गयी है।

- <u>राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा):</u>

फ़रवरी, 2022 माह के दौरान:

क॰ मिशन लीडर, राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा) ने नेवा परियोजना की प्रक्रिया की समीक्षा के लिए 21 फरवरी, 2022 को केंद्रीय परियोजना प्रबंधन इकाई (सीपीएमयू) की बैठक की अध्यक्षता की।

ख॰ बिहार विधान परिषद ने अपना बजट सत्र-2022 डिजिटल रूप से नेवा प्लेटफॉर्म के माध्यम से आयोजित किया।

2. लंबे समय तक अंतर-मंत्रालयी परामर्श के कारण रूके हुए महत्वपूर्ण नीतिगत मामले।

-शून्य-

3. तीन महीने से अधिक समय से लंबित "अभियोजन की मंजूरी" के मामलों की संख्या।

-शून्य-

4. उन मामलों का विवरण जिनमें कार्य निष्पादन नियमों या सरकार की स्थापित नीति से विचलन हुआ।

-शून्य-

5. चालू स्वच्छता अभियान की स्थिति (विशेष अभियान के तहत प्रगति)।

- गतिविधियां चल रही हैं और निगरानी की जा रही है। गतिविधियों की स्थिति हर माह एससीडीपीएम पोर्टल पर अपलोड की जा रही है।

6. स्वायत्त निकायों के युक्तिकरण की स्थिति।

- इस मंत्रालय के अधीन कोई स्वायत्त निकाय नहीं हैं।

7. अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी आधारित टोल के उपयोग तथा शासन और विकास में अनुप्रयोग हेतु उठाए गए विशिष्ट कदमों की जानकारी।

- लागू नहीं।

8. स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित मंत्रालय/विभाग में वरिष्ठ स्तर की नियुक्तियों की रिक्ति स्थिति।

- मंत्रालय में सभी वरिष्ठ स्तर के पद वर्तमान में भरे हुए हैं।

9. उन मामलों की सूची जिनमें एसीसी के निर्देशों का पालन नहीं किया गया है।

-शून्य-

10. माह के दौरान स्वीकृत एफडीआई प्रस्तावों का विवरण और मंत्रालय/विभाग में अनुमोदन की प्रतीक्षा में एफडीआई प्रस्तावों की स्थिति।

-शून्य-

*****

<u>**अनुबंध-1**</u>

<u>**फ़रवरी,2022 के महीने में परामर्शी समिति की बैठकों का विवरण:-**</u>

| **क्र.सं** | **दिन, तारीख और समय** | **मंत्रालय** | **विषय** | **स्थान अभ्युक्ति** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गुरूवार,10 फ़रवरी 2022<br>3 बजे अपराह्न | ग्रामीण विकास, पंचायती राज मंत्रालय | (I) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (एमजीएनआरईजीए) ओर<br>(II) श्यामा प्रसाद मुखर्जी अर्बन मिशन | समिति कक्ष “ख” संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 2 | गुरूवार,10 फ़रवरी 2022,<br>3 बजे अपराह्न | इस्पात | माध्यमिक इस्पात सहायता नीति | समिति कक्ष “घ” संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 3 | गुरूवार,17 फ़रवरी 2022,<br>11.30 बजे पूर्वाह्न | विद्युत तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय | डिस्कॉम और राज्यों में जेंकोस और आवश्यक वित्तीय अनुशासन की बकाया राशि | समिति कक्ष “ख” संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 4 | बुधवार, 23 फ़रवरी 2022,<br>3 बजे अपराह्न | कोयला और खान | कोयला/लिग्नाइट कंपनियों द्वारा पर्यावरण संबंधी मानदंडों का अनुपालन | समिति कक्ष सं 53 “ख” संसद भवन (प्रथम तल) नई दिल्ली |

**उन संसद सदस्यों का विवरण जिनका नाम उनके निधन के पश्चात फरवरी, 2022 के दौरान विभिन्न परामर्शदात्री समितियों से हटाया गया**

| **क्र.सं.** | **संसद सदस्य का नाम** | **परामर्श दात्री समिति का नाम जिस पर नामित थे** | **अभ्युक्ति** |
|---|---|---|---|
| 1 | डॉ. महेंद्र प्रसाद,<br>संसद सदस्य (राज्य सभा) | रक्षा मंत्रालय | 27.12.2021 को निधन |